# कलेक्टर ने की लापरवाही पर निलंबन की कार्रवाई

# निर्वाचन कार्य से नदारद रहे तीन पीठासीन अधिकारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-87 चित्रकोट के मतदान केन्द्र क्रमांक-3 एरपुण्ड में अखिलेश कुमार त्रिपाठी व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दबहार, विकासखंड दरभा की नियुक्ति पीठासीन अधिकारी के पद पर लगाई गई थी। वे 17 अप्रैल को आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा में सामग्री वितरण के समय उपस्थित थे, किन्तु बिना कोई लिखित अनुमति के चले गये। जिसकी वजह से पीठासीन अधिकारी के रूप में अन्य रिजर्व कर्मचारी को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-67 चित्रकोट के मतदान केन्द्र क्रमांक-3 एरपुण्ड भेजा गया। उक्त लापरवाही पूर्वक कार्य के कारण संबंधित दल को निर्धारित समय से विलंब से भेजा गया। कलेक्टर ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

■ अवकाश के लिए दिया था आवेदन, नहीं मिला

### भतीजी की शादी के लिए नहीं मिली छुट्टी

मिली जानकारी के मुताबिक अखिलेश कुमार त्रिपाठी ने भतीजी की शादी के लिए आवेदन दिया था। 18 अप्रैल को कोण्डागांव में शादी संपन्न हुई। लेकिन उन्हें छुट्टी नहीं दी गई। इस संबंध में हरिभूमि को जानकारी मिली है कि इस चुनाव में कुछ ज्यादा ही कड़ाई बरती गई छुट्टी के लिए प्राप्त आवेदनों को निरस्त किया गया। जिसके कारण कई ऐसे लोग जिनके घर शादी था और जो गंभीर रूप से बीमार भी हैं उन्हें छुट्टी नहीं मिल पाई। जबकि कई कर्मचारी नेता और प्रभावशाली कर्मचारियों के रिश्तेदारों को निर्वाचन शाखा से संबंधों के चलते अवकाश मिल गया।




निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, बस्तर जिला, जगदलपुर होगा।

एक अन्य मामले में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-84 नारायणपुर (आंशिक) के मतदान केन्द्र क्रमांक-264 में रविन्द्र कुमार नाग प्रधान पाठक, खण्ड शिक्षा अधिकारी लोहण्डीगुड़ा की नियुक्ति मतदान अधिकारी क्रमांक-1 के पद पर लगाई गई थी। अतिरिक्त सहायक रिटनिंर्ग अधिकारी, 84-नारायणपुर आंशिक के पत्र भानपुरी द्वारा रविन्द्र कुमार नाग 18 अप्रैल को आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा में मतदान सामग्री वितरण के समय बिना कोई सूचना दिये अनुपस्थित रहने की सूचना एवं उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क करने पर नंबर बंद पाये जाने की जानकारी दी गई। जिसकी वजह से मतदान अधिकारी क्रमांक-1 के रूप में अन्य रिजर्व कर्मचारी को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-84 नारायणपुर आंशिक के मतदान केन्द्र क्रमांक-264 हेतु भेजा गया। अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खण्ड लोहण्डीगुड़ा होगा।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 84 नारायणपुर के मतदान केन्द्र क्रमांक 186 रतेंगा में संजय मिश्रा, प्रधान अध्यापक, कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, जगदलपुर की नियुक्ति पीठासीन अधिकारी के पद पर लगाई गई। वे 17 अप्रैल को आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा में सामग्री वितरण के समय सामग्री प्राप्त करने के पूर्व बिना कोई सूचना दिये अनुपस्थित रहे। उनका मोबाइल नम्बर से सम्पर्क करने पर बन्द पाया गया। जिसकी वजह से पीठासीन अधिकारी के रूप में अन्य रिजर्व कर्मचारी को उनके स्थान पर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 84 नारायणपुर के मतदान केन्द्र क्रमांक 186 रतेंगा भेजा गया। उक्त लापरवाहीपूर्वक कार्य के कारण संबंधित दल को निर्धारित समय से विलंब से भेजा गया। संजय मिश्रा का उक्त कृत्य निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण एवं समय सीमा के कार्य के प्रति उदासीनता और घोर लापरवाही के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## कोयला चोर को पकड़ने पहुंचे वन अमले पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश

**कोरबा ।** जंगल से कोयले का अवैध उत्खनन व परिवहन की सूचना पर वन अमले की टीम ने देर रात को घेरा बंद कर एक ट्रैक्टर को जप्त किया है। पकड़े गए ट्रैक्टर के चालक के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। कटघोरा वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत को मुखबीर से सूचना मिली थी कि कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज के परला बिट के बगबुड़ा जंगल में इन दिनों कोयला की अवैध तस्करी व परिवहन की जा रही है। सूचना मिलते ही वन विभाग के अफसरों के कान खड़े हो गए और केंदई रेंजर अभिषेक दुबे के नेतृत्व में बगबुड़ा क्षेत्र में घेराबंदी की गई। इसी दौरान यहां के जंगल में एक ट्रैक्टर दिखा जिसमें बोरी में कोयला लदा हुआ था। वन विभाग की टीम द्वारा जब ट्रैक्टर चालक को रोकने का प्रयास किया तो पहले उसने टीम के सदस्यों पर वाहन को चढ़ाने का प्रयास किया और भागने की कोशिश की लेकिन वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर चालक का पीछा करते हुए उसे धरदबोचा और ट्रैक्टर में लदे कोयला परिवहन के संबंध में आवश्यक दस्तावेज की मांग की।





## आईईडी की चपेट में आने से युवक की मौत, ग्रामीण घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी लगाया था। जिसके चपेट में आने से एक युवक की जहां मौके पर ही मौत हो गई, वहीं एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गंगालूर थाना क्षेत्र के ग्राम मुतवेंडी पटेलपारा के युवक गडिया पिता लिंगा उम्र 18 वर्ष की आईईडी की चपेट में आने से मौत हो गई है।

### वनोपज संग्रहण के लिए गए थे जंगल



बताया जा रहा है कि शनिवार को युवक अपने गांव से तीन किमी दूर वनोपज संग्रहण करने के लिए जंगल गया हुआ था। इस दौरान नक्सलियों के आईईडी की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, ग्राम कचिलवार थाना नैमेड का ग्रामीण अंदरूनी रास्ते से पैदल अपने गांव आते वक्त इतावर क्षेत्र में नक्सलियों के लगाए आईईडी की चपेट में आने से बुरी तरह से घायल हो गया है, जिसका इलाज जारी है।

### पहले भी घायल हुआ था ग्रामीण

पिछले दिनों नैमेड थाना क्षेत्र में आईईडी की चपेट में आने से एक अन्य ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया था। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सली जंगल के रास्तों में आईईडी लगा देते हैं, जिसमें ग्रामीण भी हताहत होते हैं।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com